सर्वोच्च प्राथमिकता/ अनुस्मारक-1

संख्या- 31/1606/78-2-2013-53आई0टी0./2012

प्रेषक,

जीवेश नन्दन

प्रमुख सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख सचिव/सचिव,

राजस्व/पंचायतीराज/विकलांग कल्याण/ महिला एवं बाल विकास/श्रम/खाद्य एवं रसद/नगर विकास/चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु0-2 लखनऊ: दिनांक 08 नवम्बर, 2013

विषय:- जन सेवा केन्द्रों/लोक वाणी/जन सुविधा केन्द्रों पर ई-डिलीवरी के माध्यम से प्रदान की जा रही शासकीय सेवाओं हेतु लिए जा रहे यूजर चर्जेज की धनराशि में से विभागीय अंश को संबंधित विभाग के बैंक खाते में अन्तरित किये जाने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-706/78-2-2013-53आई0टी0/2013, दिनांक 4 मई, 2013 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की किसी शाखा में अपने विभाग के अधीन गठित् आयुक्त कार्यालयों/निदेशालयों जिनकी शासकीय सेवायें ई-डिलीवरी के माध्यम से उपरोक्तानुसार जन मानस को दिये जाने की व्यवस्था की गई है, के बैंक खाता खुलवाकर उसकी सूचना/विवरण राज्य समन्वयक, सेन्टर फॉर ई-गवर्नेन्स, उत्तर प्रदेश, अपट्रान बिल्डिंग, निकट गोमती बैराज, गोमती नगर, लखनऊ को पत्र के माध्यम से एवं ई-मेल ceglko.up@gmsil.com पर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था, किन्तु उक्त प्रकरण पर कोई कार्यवाही अभी तक नहीं की गई है। अंत: विभागवार आयुक्त/ निदेशालय, जिनकी शासकीय सेवायें ई-डिलीवरी हेतु चिहिन्त हैं, के विवरण आपके फीड बैक के लिए निम्नानुसार रखे गये है:-

विभाग का नमा	अधीन अधिष्ठान	अधिष्ठान से संबंधित शासकीय सेवा
खाद्य एवं रसद	आयुक्त, खाद्य एवं रसद	नये राशन कार्ड हेतु आवेदन, राशन कार्ड के नवीनीकरण हेतु आवेदन, राशन कार्ड के संशोधन हेतु आवेदन, राशन कार्ड के समर्पण हेतु आवेदन
प्रशिक्षण एवं सेवायोजन(श्रम)	निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन	रोजगार कार्यालय में पंजीयन, रोजगार कार्यालय में पंजीयन के नवीनीकरण
विकलांग कलयाण	निदेशक, विकलांग कल्याण	विकलांग व्यक्ति को ऋण हेतु आवेदन, विकलांग व्यक्ति के विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु आवेदन, विकलांग व्यक्ति को संयंत्रों आदि के क्रय हेतु सहायता हेतु आवेदन
समाज कल्याण	निदेशक, समाज कल्याण	वृद्धावस्था पेंशन हेतु आवेदन, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना हेतु आवेदन, सामान्य, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रों को छात्रवृत्ति हेतु आवेदन,बीमारी एवं विवाह हेतु अनुदान के लिए आवेदन, उत्पीड़न के खिलाफ शिकायत संबंधी आवेदन
पंचायतीराज	निदेशक, पंचायती राज	कुटुम्ब रजिस्टर की कापी हेतु आवेदन, ग्रामीण क्षेत्र के जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र
महिला एवं बाल विकास	निदेशक, महिला एवं बाल विकास	पति के मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला (विधवा) पेंशन योजना हेतु आवेदन, दहेज योजना के अन्तर्गत महिलओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु आवेदन, दहेज उत्पीड़न में महिलाओं को कानूनी सहायता प्रदान करने हेतु आवेदन, पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला (विधवा) की पुत्री की

		विवाह हेतु अनुदान के लिए आवेदन, दम्पत्ति पुरस्कार योजना के अन्तर्गत 35 वर्ष से कम आयु की विधवा महिला के विवाह हेतु आवेदन
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य	महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य	विकलांगता प्रमाण पत्र

इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त तालिका के अनुसार अपने अधीन गठित आयुक्त कार्यालयो/निदेशालयों के विभागध्यक्षों को स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की किसी शाखा में बैंक खाता खुलवाकर राज्य समन्वयक, सेन्टर फॉर ई-गवर्नेन्स, उत्तर प्रदेश, अपट्रान बिल्डिंग, निकट गोमती बैराज, गोमती नगर, नखनऊ को सूचित करने हेतु निर्देशित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(जीवेश नन्दन)
प्रमुख सचिव।

संख्या: (1)/78-2-2013 तददिनांक

उपर्युक्त प्रतिलिपि निमनलिखत को सूचनार्थ प्रेषित:-

1- राज्य समन्वयक, सेन्टर फॉर ई-गवर्नेन्स, उत्तर प्रदेश, अपट्रान, बिल्डिंग निकट गोमती बैराज, गोमती नगर लखनऊ।

2- उपमहानिदेशक एवं एसआईओ, एनआईसी, उ0प्र0 एकक, योजना भवन लखनऊ।

3- गार्ड फाइल।